संख्या : 151/XIII(II)/2013—04(09)/2013

प्रेषक,

विनोद प्रसाद रतूड़ी,
अपर सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

अपर निदेशक,
जलागम प्रबन्ध निदेशालय,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

कृषि एवं जलागम अनुभाग—2 देहरादून : दिनांक : 16 जुलाई, 2013

विषयः प्रस्तावित विश्व बैंक वित्त पोषित उत्तराखण्ड विकेन्द्रीकृत जलागम विकास परियोजना **(UDWDP)-Phase 2 हेतु लेखाशीर्षक आवंटन के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके पत्र संख्या 2289/3—2(ब) दिनांक 29.5.2013 की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय प्रस्तावित UDWDP-Phase 2 हेतु वित्तीय वर्ष 2013—14 में 'अनुदान संख्या—17' के 'आयोजनागत पक्ष' की योजना ''उत्तराखण्ड विकेन्द्रीकृत जलागम विकास परियोजना'' के अन्तर्गत ही बजट व्यवस्था का अनुमोदन /लेखाशीर्षक आवंटन करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2. तद्नुसार वित्तीय वर्ष 2013—14 में प्रस्तावित UDWDP-Phase 2 हेतु उक्त लेखाशीर्षक में बजट व्यवस्था एवं वार्षिक योजना 2013—14 में परिव्यय व्यवस्था, यथासमय/यथाआवश्यकता, सुनिश्चित कर ली जाएगी।

3. उक्त स्वीकृति के फलस्वरूप विश्व बैंक से अनुमोदन प्राप्त होने के उपरान्त क्रियान्वयन किए जाने की स्थिति में, उक्त योजना पर आने वाले व्यय का वहन वित्तीय वर्ष 2013—14 के ''अनुदान संख्या—17'' के अन्तर्गत लेखाशीर्षक ''2401—फसल कृषि कर्म—00—आयोजनागत—800—अन्य योजनाएं—97—वाह्य सहायतित योजना—02—उत्तराखण्ड विकेन्द्रीकृत जलागम विकास परियोजना'' की सुसंगत मानक मदों के माध्यम से किया जाएगा।

4. यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या : 19 (एन.पी.)/XXVII(4)/2013 दिनांक 09जुलाई, 2013 के द्वारा प्राप्त सहमति के क्रम में निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(विनोद प्रसाद रतूड़ी)
अपर सचिव।

संख्या : 151(1)/XIII-II/2013 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), उत्तराखण्ड, माजरा, देहरादून।
2. महालेखाकार, ऑडिट, उत्तराखण्ड, इन्दिरा नगर, देहरादून।
3. निदेशक, कोषागार, उत्तराखण्ड, 23—लक्ष्मी रोड, देहरादून।
4. परियोजना निदेशक, जलागम, कुमाऊं/गढवाल, हल्द्वानी/मुनि की रेती।
5. संबंधित वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड।
6. संबंधित उपपरियोजना निदेशक, जलागम, उत्तराखण्ड।
7. बजट, राजकोषीय नियोजन एवं संसाधन निदेशालय, उत्तराखण्ड सचिवालय, देहरादून।
8. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग—4/नियोजन अनुभाग, उत्तराखण्ड शासन।
9. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

CFO
GUARD Book पे रखें

(ओमकार सिंह)
अनुसचिव।

18/7/13